Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7335	28.03.2023	31.03.2023	Latehar Jharkhand	www.khaskhabar.com/Hindi https://www.khaskhabar.com/local/jharkhand/ranchi-news/news-150-sick-due-to-food-poisoning-in-latehar-jharkhand-55-people-reached-the-hospital-news-hindi-1-551093-KKN.html
Title:	**150 sick due to food poisoning in Latehar, Jharkhand, 55 people reached the hospital**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Latehar, SSU- Jharkhand			

लातेहार जिले के चंदवा में जनजातीय त्योहार सरहुल के मौके पर बांटे गए चना-गुड़ का प्रसाद खाकर लगभग डेढ़ सौ लोग बीमार पड़ गए। इनमें से 55 लोगों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों और क्लीनिकों में दाखिल कराना पड़ा। दो लोगों की स्थिति गंभीर होने के कारण रिम्स रांची लाया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि यह फूड प्वॉयजनिंग का मामला है।

बताया गया कि चंदवा प्रखंड की चेटर और सासंग पंचायत में सरहुल पर पूजा का आयोजन किया गया था। पूजा के बाद प्रसाद के रूप में लोगों को चना-गुड़ दिया गया था। इसके सेवन से शनिवार की सुबह से कई लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। रविवार और सामवार होते-होते बड़ी संख्या में लोग बीमार हो गए। इसकी सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में भेजी गई। सौ से भी ज्यादा लोगों का इलाज गांव में लगाए कैंप में हुआ। 55 मरीजों को क्लिनिकों और अस्पतालों में दाखिल कराया गया। लातेहार जिले के सिविल सर्जन ने भी इलाके का दौरा किया। प्रसाद के रूप में बंटे चना और गुड़ का सैंपल लिया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल मरीजों का इलाज किया जा रहा है।(आईएएनएस)

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1